**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 08.12.2025**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम व समस्त कोतवाली/थाना जनपद जालौन द्वारा जनवरी 2025 से अब तक मोबाइल गुम/गिर जाने की प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित कुल 396 मोबाइल अनुमानित कीमत करीब 72,00,000 /- रूपये(करीब बहत्तर लाख रुपये) बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपर्द किये गये ।**

**माह नबम्बर 2025 में मोबाइल रिकवरी पोर्टल(CEIR PORTAL) के माध्यम से कुल 77 मोबाइल(अनुमानित कीमत करीब 12,50,000/- रुपये) ट्रैस कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये, जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश की रैकिंग में जनपद जालौन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।**

CEIR पोर्टल पर मोबाइल गुम/गिर जाने की प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना साइबर क्राइम व जनपद के समस्त कोतवाली/थानों पर गठित मोबाइल रिकवरी पुलिस टीम को निर्देश दिये गये कि CEIR पोर्टल पर मोबइल गुम/गिरे जाने की प्राप्त शिकयतों में मोबाइलों को यथाशीघ्र ट्रैस कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द कराया जाये । जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम व जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर टीम द्वारा CEIR पोर्टल पर प्राप्त ट्रैसबिल्टी पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए "माह नबम्बर 2025" में प्राप्त शिकायतों से सम्बन्धित कुल 77 मोबाइल(अनुमानित कीमत करीब 12,50,000/- रुपये) बरामद कर शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द किये गये । इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से **माह नबम्बर 2025 में उत्तर प्रदेश की रैकिंग में जनपद जालौन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ** है ।

**माह जनवरी 2025 से अब तक मोबाइल रिकवरी पोर्टल (CEIR PORTAL) के माध्यम से जनपद जालौन द्वारा कुल 396 मोबाइल बरामद कर सुपुर्द किये गये हैं ।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना साइबर क्राइम जनपद जालौन व जनपद के समस्त थानों पर गठित मोबाइल रिकवरी पुलिस टीम को CEIR पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकयतों के सम्बन्ध में मोबाइलों को शीघ्र ट्रैस करवाकर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द कराये जाने के निर्देश दिये गये । जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम व जनपद के समस्त थानों पर गठित टीम द्वारा जनवरी 2025 से अब तक कुल 396 मोबाइल ट्रैस कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये ।

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/www.cybercrime.gov.in**

**-: गुम मोबाइल की शिकायत हेतु:-**

**CEIR PORTAL**